आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय
भारत सरकार

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

# स्वच्छ वार्ता

## दिसंबर संस्करण





## स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0
न्यूजलेटर

सत्यमेव जयते

# आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

## भारत सरकार



*स्वच्छ भारत अभियान ने साफ–सफाई और सार्वजनिक स्वच्छता को लेकर लोगों की सोच बदल दी है। ये पहल आज राष्ट्रीय भावना का प्रतीक बन चुकी है, जिसने करोड़ों देशवासियों के जीवन को बेहतर बनाया है। इस अभियान ने अलग–अलग क्षेत्र के लोगों, विशेषकर युवाओं को सामूहिक भागीदारी के लिए भी प्रेरित किया है।*

**श्री नरेंद्र मोदी**
**प्रधानमंत्री**

# मन की बात



## एपिसोड 107



ऐसा ही एक सराहनीय प्रयास सूरत में देखने को मिला है | युवाओं की एक टीम ने यहाँ 'Project Surat' इसकी शुरुआत की है | इसका लक्ष्य सूरत को एक ऐसा model शहर बनाना है, जो सफाई और sustainable development की बेहतरीन मिसाल बने | 'Safai Sunday' के नाम से शुरु हुए इस प्रयास के तहत सूरत के युवा पहले सार्वजानिक जगहों और Dumas Beach की सफाई करते थे | बाद में ये लोग तापी नदी के किनारों की सफाई में भी जी-जान से जुट गए और आपको जान करके खुशी होगी, देखते-ही-देखते इससे जुड़े लोगों की संख्या, 50 हजार से ज्यादा हो गई है |

लोगों से मिले समर्थन से टीम का आत्मविश्वास बढ़ा, जिसके बाद उन्होंने कचरा इकट्ठा करने का काम भी शुरु किया | आपको जानकर हैरानी होगी कि इस टीम ने लाखों किलो कचरा हटाया है | जमीनी स्तर पर किए गए ऐसे प्रयास, बहुत बड़े बदलाव लाने वाले होते हैं |



साथियो, गुजरात से ही एक और जानकारी आई है | कुछ सप्ताह पहले वहां अंबाजी में 'भादरवी पूनम मेले' का आयोजन किया गया था इस मेले में 50 लाख से ज्यादा लोग आए | ये मेला प्रतिवर्ष होता है | इसकी सबसे ख़ास बात ये रही कि मेले में आये लोगों ने गब्बर हिल के एक बड़े हिस्से में सफाई अभियान चलाया | मंदिरों के आसपास के पूरे क्षेत्र को स्वच्छ रखने का ये अभियान बहुत प्रेरणादायी है |





मेरे परिवारजनो, 'स्वच्छ भारत' अब तो पूरे देश का प्रिय विषय बन गया है मेरा तो प्रिय विषय है ही है और जैसे ही मुझे इससे जुडी कोई खबर मिलती है, मेरा मन उस तरफ चला ही जाता है, और स्वाभाविक है, फिर तो उसको 'मन की बात' में जगह मिल ही जाती है | स्वच्छ भारत अभियान ने साफ-सफाई और सार्वजनिक स्वच्छता को लेकर लोगों की सोच बदल दी है | ये पहल आज राष्ट्रीय भावना का प्रतीक बन चुकी है, जिसने करोड़ों देशवासियों के जीवन को बेहतर बनाया है | इस अभियान ने अलग-अलग क्षेत्र के लोगों, विशेषकर युवाओं को सामूहिक भागीदारी के लिए भी प्रेरित किया है |

# स्वच्छ शौचालय अभियान




स्वच्छ भारत मिशन–शहरी ने स्वच्छ, कार्यात्मक, सुरक्षित, सुलभ सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालय (सीटी/पीटी) की आवश्यकता पर ध्यान केन्द्रित किया है और सभी के लिए शौचालय हेतु संकल्प को मजबूत किया। विश्व शौचालय दिवस 2023 की थीम त्वरित परिवर्तन के तहत केंद्रीय मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी ने 19 नवंबर से 25 दिसंबर–सुशासन दिवस के बीच पाँच हफ्तों तक चलने वाले स्वच्छ शौचालय अभियान का पदार्पण किया। MoHUA ने एसबीएम–यू 2.0 हेतु शहरी स्वच्छता की चुनौतियों से निपटने और कोर्पोरेट्स, पीएसयू, और अंतर्राष्ट्रीय अनुदान संस्थाओं सहित विभिन्न इकाइयों के साथ सहयोग को बढ़ावा देने के लिए पार्टनर्स फोरम की भी शुरुआत की।

विश्व शौचालय दिवस कार्यक्रम के दौरान विश्व शौचालय संगठन के संस्थापक और निदेशक प्रोफेसर डॉक्टर जैक सिम ने सार्वजनिक शौचालय प्रबंधन के अपने अनुभव को साझा किया और ABC: Architecture, Behaviour, Cleaning के माध्यम से इसका सार बताया। कार्यक्रम के दौरान टॉयलेट 2.0 जैसे रोचक विषयों पर व्यवहारिक चर्चा की गई। इसमें WASH and Environment प्रमुख श्री पॉलस वर्कनेह ने भारत द्वारा बदलाव के नेतृत्व, UNICEF, सेक्टर्स पार्टनर्स USAID और BMGF ने सुरक्षित स्वच्छता को लेकर सहयोग पर बात की। कार्यक्रम के दौरान NBCC ने स्मार्ट और साफ सुविधाओं की ओर उठाए गए कदमों के संकेत के तौर पर आधुनिक सार्वजनिक शौचालयों के डिजाइन पेश किए।






एक अनोखी नामांकन आधारित पहल स्वच्छ शौचालय अभियान, 5 सप्ताह के स्वच्छता और रख–रखाव अभियान के माध्यम से शहरी शौचालयों की कार्यक्षमता और स्थिरता को बढ़ाने का प्रयास करती है। इसमें स्थानीय शहरी निकाय, पैरास्टेटल निकाय और निजी संगठन अपने सर्वश्रेष्ठ शौचायल को नामांकित कर सकते हैं, जिसमें प्रत्येक प्रत्याशी को एक नामांकन की अनुमति होगी। 2024 के आरंभ में MoHUA इनमें से सर्वश्रेष्ठ मॉडल शौचालयों को अपने प्रकाशन में मान्यता और जगह देगा।

# विश्व शौचालय दिवस

## सीटी/पीटी के लिए जन आंदोलन

### आंध्र प्रदेश




#WorldToiletDay पर विजयवाड़ा में महिलाओं को बेहतर स्वच्छता सुविधाएं मुहैया कराने हेतु बेंज सर्कल पर पिंक टॉयलेट की शुरुआत की गई।

### तेलंगाना



तेलंगाना में ठुमकुंटा की स्वच्छ टीम ने सामुदायिक शौचालयों का रख–रखाव करने वाले स्वच्छता कर्मियों को शॉल भेंट कर सम्मानित किया।

### चंडीगढ़



चंडीगढ़ ने स्वच्छता में महिलाओं के नेतृत्व का सटीक उदाहरण पेश किया, जहां स्वयं सहायता समूहों ने सामुदायिक शौचालयों की स्वच्छता और सफाई का बीड़ा उठाया।

### उत्तर प्रदेश







मेरठ में सार्वजनिक शौचालयों के प्रति जागरुकता रैली निकाली गई वहीं गाजियाबाद की स्वच्छता टीम ने शौचालयों के इस्तेमाल को लेकर बच्चों को शिक्षित करने के लिए स्लम इलाकों का दौरा किया।

### मध्य प्रदेश







मध्य प्रदेश के गुना स्थित जज्जी बस स्टैंड पर यात्रियों ने #WorldToiletDay पर सुरक्षा बढ़ाने हेतु शौचालयों के उपयोग पर फीडबैक दिया वहीं उज्जैन के नागरिकों ने शौचालय में इस्तेमाल के लिए उपयोग में नहीं लाई गई वस्तुएं दान कीं।

# टॉयलेट टेल्स

Toilet Tales



## स्वचालित सेल्फ–क्लीनिंग शौचालय

ऑनलाइन निगरानी और सेंसर प्रौद्योगिकी से लैस आगरा के मानव रहित स्व–सफाई सार्वजनिक शौचालय ताज महल जैसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों के पास बेहतर सफाई और स्वच्छता प्रथाओं का उदाहरण पेश कर रहे हैं

Toilet Tales




## साफ सुरक्षित सुलभ

एशिया की सबसे बड़ी झुग्गी–बस्ती में स्थित बृहन्मुंबई महानगरपालिका के सुविधा केंद्र सभी के लिए सुरक्षित पर्यावरण और सुलभ शौचालय सुविधा सुनिश्चित कर रहे हैं

Toilet Tales




## पर्यावरण के अनुकूल शी टॉयलेट

न्यूनतम प्रयासों वाले रख–रखाव के साथ तेलंगाना के कोदाद में शी टॉयलेट महिलाओं के लिए सुरक्षित और स्वच्छ शौचालय सुविधाएं सुनिश्चित करते हैं। महिलाओं के नेतृत्व से चलने वाले शी टॉयलेट महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर भी प्रदान कर रहे हैं।

Toilet Tales




## बिल्ड ऑपरेट और ट्रांसफर टॉयलेट

महिलाओं, दिव्यांग और ट्रांसजेंडर्स के लिए दिल्ली नगर निगम द्वारा संचालित अलग सुविधाओं वाले बॉट (BOT) टॉयलेट सुरक्षित, स्वच्छ और सुलभ तो हैं ही साथ ही वे राजधानी में जन–सुविधाओं का रूप भी बदल रहे हैं

# स्वच्छ दिवाली शुभ दिवाली

## अभियान की शुरूआत









देश में त्योहारों के उत्साह को ध्यान में रखते हुए, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के तहत एसबीएम–यू 2.0 ने 6 से 12 नवंबर 2023 तक स्वच्छ दिवाली शुभ दिवाली अभियान चलाया। इस अभियान का लक्ष्य स्वच्छ भारत की यात्रा और पर्यावरण के लिए जीवन शैली (Mission LiFE) के सिद्धांतों के साथ दिवाली के सांस्कृतिक महत्व का आह्वान करना था। जीवनशैली में पृथ्वी के अनुकूल व्यवहार परिवर्तन लाते हुए और मिशन LiFE के मूल सिद्धांतों को दोहराते हुए, जिसका उद्देश्य पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण करना है, स्वच्छ दिवाली शुभ दिवाली की अवधारणा स्वच्छ और पर्यावरण–अनुकूल उत्सव के महत्व पर जोर देती है।

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव श्री मनोज जोशी ने 6 नवंबर 2023 को इस अभियान का पदार्पण किया। इस पहल का लक्ष्य लोगों को स्थानीय उत्पादों, सिंगल–यूज प्लास्टिक मुक्त दिवाली और त्योहार से पहले और बाद की स्वच्छता के प्रति संवेदनशील बनाने और प्रोत्साहित करने की ओर उनकी जिम्मेदारी का एहसास कराना था।

# स्वच्छ दिवाली के दौरान अनूठी पहल

## चंडीगढ़




चंडीगढ़ में आरआरआर केंद्रों में दान किए गए कपड़ों से बनी हस्तनिर्मित पोटलियां 'ईको–फ्रेंडली स्टोर' पर उपलब्ध कराई गईं। यहां बाजार क्षेत्रों में 'स्वच्छ बाजार प्रतियोगिता' का आयोजन भी किया गया, साथ ही 'विसर वाहन' पहल के तहत देवी–देवताओं की तस्वीरों व प्रतिमाओं को एकत्रित किया गया, ताकि उन्हें 'आर्ट पीस' में बदला जा सके।

## कर्नाटक



कर्नाटक में अधिक आवाजाही वाले क्षेत्रों में 'आरआरआर सेंटर कियोस्क' स्थापित कर लोगों से अप्रयुक्त वस्तुएं दान करने का आग्रह किया गया। वहीं स्कूली बच्चों ने आटे और मिट्टी से दीये और कागज से लालटेन बनाई, साथ ही बेंगलुरु में क्रिकेट विश्व कप मैच के दौरान नागरिकों ने स्वच्छ दिवाली अभियान का समर्थन किया।

## नागालैंड




नागालैंड में दुकानदारों ने स्वच्छ, ग्रीन दिवाली के लिए प्रवेश द्वार पर हरे पौधे प्रदर्शित किए और प्लास्टिक का इस्तेमाल कम करने के लिए दुकानों के बाहर 'अपना खुद का बैग लाओ' का संदेश लगाया। 'आरआरआर – विद इंसेंटिव' पहल के तहत केंद्रों पर पुराना सामान लाने वालों को पौधे और आइसक्रीम आदि के कूपन दिए गए।

# स्वच्छ दिवाली के दौरान अनूठी पहल

## उत्तर प्रदेश




उत्तर प्रदेश ने अयोध्या में 22 लाख से अधिक दीये जलाकर छठे गिनीज वर्ल्ड रेकॉर्ड के साथ स्वच्छ दिवाली मनाई। इस बीच, गाजियाबाद के छात्रों ने 'वेस्ट टू वॉव' प्रदर्शनी का आयोजन किया, जिसमें वेस्ट थर्मोकोल का उपयोग करके श्री राम मंदिर और ताज महल जैसे स्थलों के मॉडल बनाए गए।

## विशाखापत्तनम और धनबाद




#वोकल_फॉर_लोकल थीम के तहत विशाखापत्तनम के स्वयं सहायता समूह कार्यकर्ताओं ने गजुवाका आरआरआर केंद्र में पुराने कपड़ों से बने थैले स्वच्छता कार्यकर्ताओं में बांटे जबकि धनबाद ने स्थानीय कारीगरों को प्रोत्साहित करने के लिए उनके द्वारा बनाए गए दिवाली के सजावटी सामान कई जगह प्रदर्शित किए।

## असम और मणिपुर



असम ने दिवाली की पारंपरिक सजावट में इस्तेमाल होने वाले केले के पेड़ों के अवशेष और बचे हुए भोजन को गौशालाओं समेत पार्कों में हाथी के चारे के रूप में पहुंचाया, साथ ही खाद बनाने के लिए भी इस्तेमाल किया गया जबकि मणिपुर में थौबल राहत शिविरों में महिलाओं ने मोमबत्तियां बनाईं, जिन्हें स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के संदेश के साथ बाजारों में बेचा।

# डिजिटल सिग्नेचर कैंपेन

मिशन ने 'स्वच्छ दिवाली शुभ दिवाली' – सिग्नेचर कैंपेन के लिए MyGov के साथ भागीदारी की। नागरिकों को स्वच्छ, हरित और एकल उपयोग प्लास्टिक – मुक्त दिवाली मनाने संबंधी अपना संकल्प दर्शाने के लिए राष्ट्रीय हस्ताक्षर अभियान में भाग लेने के प्रति प्रोत्साहित किया गया। अभियान के लिए लगभग 3 लाख नागरिकों ने डिजिटल रूप से हस्ताक्षर किए।

**MyGov पर स्वच्छ प्रतिज्ञा**







## नवी मुंबई




नवी मुंबई के शॉपिंग मॉल्स में चलाए गए सेल्फी अभियान के दौरान जिन ग्राहकों ने स्वच्छ दिवाली सिग्नेचर कैंपेन के लिए साइन अप किया, उन्हें खरीदारी के लिए डिस्काउंट कूपन भेंट किए गए।

## कर्नाटक



कर्नाटक के हुनसूर स्थित स्थानीय बाजार में ग्राहकों ने क्यूआर कोड को स्कैन किया और प्लास्टिक मुक्त स्वच्छ दिवाली उत्सव के लिए डिजिटल रूप से प्रतिज्ञा ली।

## लद्दाख



लद्दाख में 75 सैनिकों ने #वोकल_फॉर_लोकल का समर्थन करते हुए स्थानीय स्तर पर बने मिट्टी के दीये जलाकर दिवाली मनाई। उन्होंने मिलकर सभी सैनिकों से स्वच्छ दिवाली सिग्नेचर कैंपेन में साइन अप सुनिश्चित कराने के लिए एक डिजिटल बोर्ड लगाया।

# दिवाली के बाद शहरों की सफाई

## दिल्ली



दिल्ली ने दिवाली के बाद कचरे को साफ करने के लिए 'ऑपरेशन क्लीन दिल्ली' चलाया। इसके अंतर्गत पूरे शहर में स्वच्छता अभियान चलाए गए, जिसमें सड़क की सफाई, इस्तेमाल हुए पटाखों से जमा कचरे की सुरक्षित सफाई और वायु गुणवत्ता की निगरानी शामिल रही।

## तेलंगाना



तेलंगाना यूएलबी ने दिवाली के बाद पटाखों का 120 टन कचरा एकत्रित किया। कचरे का सुरक्षित निपटारा, दुर्घटना–मुक्त उत्सव और इन जिम्मेदारियों का पालन सुनिश्चित करने के लिए लैंडफिल साइटों पर गड्ढे खोदे गए थे।

## मध्य प्रदेश



भोपाल के सफाईमित्रों ने तेजी से कचरा जुटाया, कुशलता से उसका सेग्रीगेशन किया और तेजी से शहर की सफाई में योगदान देकर पटाखों से निकले 20 टन कचरे की प्रोसेसिंग की।

# स्वच्छ टॉक्स- एपिसोड 7

## स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन क्षेत्र में स्वास्थ्य एवं कल्याण

'स्वच्छ दिवाली शुभ दिवाली' अभियान के अंतर्गत MoHUA ने 'स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन क्षेत्र में स्वास्थ्य और कल्याण' विषय पर स्वच्छ वार्ता वेबिनार श्रृंखला के 7वें संस्करण का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता श्री मनोज जोशी, सचिव, MoHUA और श्रीमती रूपा मिश्रा, संयुक्त सचिव व मिशन डायरेक्टर SBM-U, MoHUA द्वारा की गई। इस एपिसोड में स्वच्छता में स्वास्थ्य और कल्याण के महत्व पर जोर दिया गया।






पद्मश्री डॉ.रणदीप गुलेरिया, आंतरिक चिकित्सा एवं श्वसन संस्थान के अध्यक्ष एवं मेदांता में नींद चिकित्सा एवं चिकित्सा शिक्षा के निदेशक ने सत्र को संबोधित करते हुए वायु प्रदूषण के लिए एसओपी और प्रोटोकॉल पर सिफारिशें प्रदान की।




चिंतन एनजीओ से श्रीमती भारती चतुर्वेदी ने वेस्ट पिकर्स, सफाई मित्र, और सुरक्षा गार्ड पर वायु प्रदूषण के प्रभाव पर जोर दिया और आवश्यक प्रोटोकॉल पर प्रकाश डाला।

# फील्ड विजिट





श्रीमती रूपा मिश्रा, जेएस और एमडी SBM-U, MoHUA ने 18 अक्टूबर, 2023 को धारावी में एचयूएल द्वारा विकसित एक सामुदायिक मॉडल शौचालय, सुविधा केंद्र का दौरा किया। इसके अतिरिक्त, उन्होंने मुंबई में लेगेसी डंपसाइट का भी दौरा किया।






जेए (पीएचईई), सीपीएचईईओ के नेतृत्व में एसबीएम–यू की राष्ट्रीय टीम ने प्रयुक्त जल प्रबंधन संयंत्र का 19 अक्टूबर, 2023 को लोनावला, महाराष्ट्र में दौरा किया, साथ ही एफएसटीपी और एसटीपी केंद्र का भी दौरा किया।




एसबीएम–यू के निदेशक बिनय झा और गुंटूर के अधिकारियों ने स्टॉकहोम और ऑस्ट्रिया में नवंबर 2023 में UNIDO इंडिया के सस्टेनेबल सिटीज इंटीग्रेटेड अप्रोच पायलट प्रोजेक्ट का हिस्सा रहे प्रसंस्करण स्थलों का दौरा किया जो कि UNIDO इंडिया के सस्टेनेबल सिटीज इंटीग्रेटेड अप्रोच पायलट प्रोजेक्ट का हिस्सा है।

# फील्ड विजिट





MoHUA की संयुक्त सचिव एवं एसबीएम–यू की राष्ट्रीय निदेशक श्रीमती रूपा मिश्रा ने 22 नंवबर 2023 को चेन्नई के चेतपेट स्थित 100 टीपीडी क्षमता वाले बायो–सीएनजी प्लांट का दौरा किया। यहां 500 बल्क वेस्ट जनरेटर्स से बड़ी मात्रा में मिलने वाले कचरे को गैस में बदलकर बाजार में बेचा जाता है।





24 नंवबर 2023 को टीम स्वच्छ ने तिरुपति में एक अगरबत्ती बनाने वाली यूनिट का दौरा किया, जहां 180 महिलाएं देवी–देवताओं को चढ़ाए जाने वाले फूलों के डेढ़ टन वेस्ट से हर दिन 30–40 हजार अगरबत्तियां बनाती हैं।





आंध्र प्रदेश में MoHUA की संयुक्त सचिव एवं एसबीएम–यू की राष्ट्रीय निदेशक श्रीमती रूपा मिश्रा ने 25 नंवबर 2023 को तिरुपति नगर निगम की वेस्ट प्रोसेसिंग फेसिलिटी का भी दौरा किया। इस प्लांट पर रीसाइकल करने योग्य वेस्ट को अलग करके गीले कचरे को सीएनजी और बायो–इनरिचर में परिवर्तित किया जाता है।

# साझेदारी

## अंतर्राष्ट्रीय वियना ऊर्जा और जलवायु फोरम






3 नवंबर, 2023 को हॉफबर्ग में अंतर्राष्ट्रीय वियना ऊर्जा और जलवायु फोरम में, निदेशक एसबीएम–यू बिनय झा, ने 'स्थायी शहरों के लिए ऊर्जा प्रणालियों में बदलाव' विषय पर पैनल चर्चा में भाग लिया। उन्होने एसबीएम–यू के अपशिष्ट से बायो–सीबीजी जैसे प्रयासों पर प्रकाश डाला।

## आईएससी–फिक्की स्वच्छता पुरस्कार समारोह 2023







20 नवंबर, 2023 को दिल्ली में आईएससी–फिक्की स्वच्छता पुरस्कार समारोह 2023 में डॉ. मधु रानी तेवतिया निदेशक, एसबीएम–यू ने अपने संबोधन के दौरान MoHUA द्वारा लॉन्च किए गए सबीएम–यू 2.0 के लिए पार्टनर्स फोरम के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कॉरपोरेट्स, पीएसयू, एनजीओ/सीएसओ और शहरी स्वच्छता समाधानों को आगे बढ़ाने में सेक्टर विकास भागीदार के साथ रणनीतिक सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

# राज्य स्तरीय बैठकें

## मुंबई के लेगेसी डंप साइट्स का सुधार



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री, श्री एकनाथ शिंदे और आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री, श्री हरदीप सिंह पुरी ने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित लंबित मुद्दों पर चर्चा करने के लिए 16 नवंबर, 2023 को एक संयुक्त बैठक की। इस वर्चुअल बैठक में महाराष्ट्र के मुख्य सचिव, ग्रेटर नगर निगम मुंबई के नगर आयुक्त, MoHUA सचिव समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए।

## आंध्र प्रदेश की अपशिष्ट प्रबंधन प्रथाएं





एसबीएम–यू जेएस और एमडी रूपा मिश्रा ने स्वच्छ आंध्र निगम और शहरी स्थानीय निकाय के साथ उनकी स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन प्रथाओं का आकलन करने के लिए एक विस्तृत बैठक की। सत्र के दौरान विशाखापत्तनम, विजयवाड़ा, नेल्लोर, कडप्पा, गुंटूर, राजमुंदरी, चित्तौड़ और तिरूपति के आयुक्तों ने अपनी कचरा प्रबंधन की पहल को भी साझा किया।

# राष्ट्रीय क्षमता निर्माण कार्यशाला, चेन्नई

## स्वच्छता, मशीनीकृत सफाई और प्रयुक्त जल प्रबंधन

**MoHUA द्वारा चेन्नई में 23–24 नवंबर, 2023 को 1 लाख से कम आबादी वाले शहरों में स्वच्छता, मशीनीकृत सीवेज स्वच्छता और जल प्रबंधन की योजना पर ध्यान केंद्रित करने हेतु 2 दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया।**





श्रीमती रूपा मिश्रा, जेएस, MoHUA ने एसबीएम 2.0 के अंतर्गत शौचालय यात्रा एक राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य पर अंतर्दृष्टि साझा करते हुए कहा, "राष्ट्रीय दृष्टिकोण का पहला सिद्धांत उन रूपरेखाओं से परे जाना है जो एक विशेष कार्यक्रम द्वारा रखा गया है। हमारी आवश्यकता स्वच्छ भूमि, स्वच्छ पानी और स्वच्छ हवा द्वारा परिभाषित सुरक्षित स्वच्छता प्राप्त करना है।"









कार्यशाला के पहले दिन सामुदायिक और सार्वजनिक शौचालयों (सीटी/पीटी) के ओ एंड एम पर अनुभव साझा किया गया। विभिन्न राज्यों ने स्वच्छता क्षेत्रों में वित्तपोषण और आजीविका के अवसरों पर विचार–विमर्श किया, एएससीआई और एनआईटीआई द्वारा एक परिप्रेक्ष्य और बीएमसी, उड़ीसा, नोएडा, मैसूर, तेलंगाना, एचयूएल, आईआईएचएस, वॉश–I, डीयूएसआईबी ने सीटी/पीटी तक पहुंच और ओ एंड एम पर प्रकाश डाला।







कार्यशाला के दूसरे दिन प्रयुक्त जल प्रबंधन के तेजी से कार्यान्वयन पर जोर दिया गया। विभिन्न राज्यों ने प्रक्रिया में चुनौतियों का समाधान करते हुए ज्ञान और सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान–प्रदान किया। चर्चा के दौरान कार्यान्वयन रणनीतियों और प्रौद्योगिकी विकल्पों के बाद छोटे और मध्यम शहरों के लिए एसटीपी को डिजाइन करने पर जोर दिया।

# सोशल मीडिया ट्रेंड्स


Swachh Bharat Urban
@SwachhBharatGov
On #WorldToiletDay, @ujjainumc exemplary efforts toward advancing sanitation and hygiene. A collaborative community initiative underscores the pivotal role of toilets in public health. Joined by citizens and #SwachhBharatMission ambassadors, the event showcased artistic skills


Swachh Bharat Urban
@SwachhBharatGov
Karnataka shines globally with the Swachh Diwali Shubh Diwali campaign at the Cricket World Cup in Bangalore, Kudos for championing Swachh Diwali, and promoting an eco-friendly celebration.
#SwachhDiwali #WorldCup23
Swachh Diwali
Shubh Diwali


Swachh Uttar Pradesh 2.0 (SBM, Ur
@NagarVikasUP
"गाजियाबाद नगर निगम द्वारा" अंतर्राष्ट्रीय ताइक्कांडो प्लेयर अतुल राघव सर स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर के साथ गाजियाबाद नगर पालिका बालिका विद्यालय के बच्चों के साथ मिलकर इस दिवाली स्वच्छ दिवाली शुभ दिवाली मनाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम किया गया ! इस कार्यक्रम में


sbmurbangov
WORLD TOILET DAY
19 Nov 2023
" A lavatory must be as clean as a drawing-room. "
- Mahatma Gandhi
8 likes
sbmurbangov "A lavatory should be as clean as a drawing room." Inspired by Bapu's words, join us From Nov 19 to Dec 25, let's work together for a future with modern facilities, smart tech, and safety measures, creating a cleaner and healthier environment.


sbmurbangov
sbmurbangov • Original audio
WORLD TOILET DAY 2023
Swachh Bharat Mission
7 likes
sbmurbangov Prashanth Venkatesh, India Sustainability Head at Hindustan Unilever, stresses that Swachh Bharat being the world's biggest behavior change program.
Since 2016, Suvidha Centers, starting with @my_bmc , have grown to 15 centers, serving 4 lakh people annually. Small steps, Big impact
#SwachhBharat #suvidhacenter
@mohua_india @hardeepspuri @mp_kaushal
@secretarymohua @roopamishra77 @pibindia


sbmurbangov
SWACHH PANDAL
— A Message of Clean Celebration —
79 likes
sbmurbangov An innovative approach to a waste-free Durga Puja is inspiring!
The Swachh Pandal Game Competition and 64 Chakachak Counters became a major attraction, drawing in crowds and promoting cleanliness awareness. Patna Municipal Corporation's commitment to a waste-free celebration and sustainable cleanliness is commendable.
#SwachhBharat


Swachh Bharat Mission - Urban
November 14 at 5:33 PM
HAPPY DIWALI
+6
Saharanpur Nagar Nigam
November 12 at 1:45 PM


Swachh Bharat Mission - Urban
November 12 at 3:05 PM
स्वच्छ दिवाली
शुभ दिवाली
प्रमाणित किया जाता है कि
ने 06 से 12 नवंबर 2023 तक हस्ताक्षर अभियान में भाग लिया है।
November, 10 2023


Swachh Bharat Mission - Urban
November 13 at 4:23 PM
Commendable effort by Panisagar Nagar Panchayat, Tripura, for orchestrating a successful Diwali cleanliness drive at the Market area and Satsang road. Your dedication to community well-being exemplifies civic excellence.
#SwachhDiwali
Ministry of Housing and Urban Affairs Hardeep Singh Puri... See more
PANISAGAR NAGAR PANCHAYAT
Swachh Diwali
Shubh Diwali

स्वच्छ भारत मिशन पर ज्यादा जानकारी के लिए

हमें फॉलो करें:

Swachh Bharat Mission – Urban @SwachhBharatGov sbm_urban Swachh Bharat Urban swachh-bharat-urban